तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 14.0 डिग्री

हरिभूमि

# रत्न भूमि

रायपुर, मंगलवार 26 दिसंबर 2023



11 2 वर्ष का बोनस मिलने से खुश हुए किसान





12 अटल बिहारी वाजपेयी ने हमेशा मूल्यों पर आधारित...






## खबर संक्षेप



### राजिम नगर पंचायत में मनाया गया सुशासन दिवस

**राजिम।** राजिम नगर पंचायत में पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी के जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर विधायक रोहित साहू,नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा सोनकर,जिला भाजपा के पूर्व उपाध्यक्ष वरिष्ठ भाजपा नेता जितेंद्र सोनकर,पार्षद महेश यादव,ओमप्रकाश आडिल,सूरज पटेल,लोकेश्वरी यादव,उत्तम निषाद, टंकु सोनकर, पुष्पा गोस्वामी, मंडल अध्यक्ष कमल सिन्हा, राजिम भक्तिन मंदिर समिति के अध्यक्ष लाला साहू, सांसद प्रतिनिधि रिकेश साहू, मनीषा साहू, अनिता यादव, किशोर साहू,सीएमओ अशोक सलामे, देव पटेल सहित गणमान्य नागरिक मौजूद थे। प्रारंभ में इन सभी जनप्रतिनिधियो ने अटल जी के तस्वीर में पुष्प माला अर्पित कर नमन किया और सुशासन दिवस के रूप में शपथ ग्रहण किया।

### जिले के 5 स्थानों में वीर बाल दिवस आज

**गरियाबंद।** जिले के 5 जगहों में 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें महिला एवं बाल विकास विभाग गरियाबंद नोडल विभाग है। इस कार्यक्रम का आयोजन महिला एवं बाल विकास विभाग गरियाबंद एवं जिला शिक्षा विभाग गरियाबंद के तत्वाधान में किया जा रहा है। कार्यक्रम गरियाबंद जिले के शासकीय देवी संपत स्कूल राजिम, स्वामी आत्मानंद इंग्लिस मीडियम स्कूल गरियाबंद, शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल कोपरा, सांस्कृतिक भवन छुरा एवं स्वामी आत्मानंद इंग्लिस मीडियम स्कूल फिंगेश्वर में आयोजित किया जा रहा है। शासकीय देवी संपत स्कूल राजिम में रोहित साहू, विधायक राजिम, स्वामी आत्मानंद इंग्लिस मीडियम स्कूल गरियाबंद में गफ्फार मेमन अध्यक्ष नगर पालिका गरियाबंद, शास. हायर सेकंडरी स्कूल कोपरा में चंदूलाल साहू पूर्व सांसद महासमुंद, सांस्कृतिक भवन छुरा में राजेश साहू जिला अध्यक्ष गरियाबंद, एवं स्वामी आत्मानंद इंग्लिस मीडियम स्कूल फिंगेश्वर में संतोष उपाध्याय पूर्व विधायक राजिम मुख्यअतिथि रहेंगे।

### गुरु घासीदास बाबा जयंती महोत्सव कल

**छुरा।** सतनामी समाज सिवनी के द्वारा गुरू घांसीदास बाबा जयंती महोत्सव का आयोजन 27 दिसंबर को दोपहर 03 बजे आयोजित किया गया है। जिसमें मुख्य अतिथि विधायक रोहित साहू होंगे। रात्रि कालीन ममा - भाचा नाच पार्टी खोक्सा महासमुन्द का रखा गया है।

### बेलसोंडा में बुजुर्ग ने किया चापड़ से जानलेवा हमला, युवक गंभीर

**महासमुंद।** ग्राम बेलसोंडा में युवक की बातों से उग्र हुए बुजुर्ग ने युवक पर जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस ने बताया कि सागर चंद्राकर पिता भरत लाल (27 साल) ने रमेश चंद्राकर पिता चमरू चंद्राकर (69 साल) को गांव में शराब बेचकर गांव का माहौल खराब कर रहे हो कहते हुए थप्पड़ मार दिया। पुलिस ने आरोपी के विरुध्द धारा 307 भादवि के तरह अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

### महुआ शराब बेच रहा व्यक्ति गिरफ्तार

**महासमुंद।** बागबाहरा पुलिस ने पेट्रोलिंग के दौरान महुआ शराब बिक्री कर रहे एक व्यक्ति को धर दबोचा। पुलिस के अनुसार ग्राम घुंचापाली बांधा के पास अवैध शराब की बिक्री कर रहे सेवक राम नेताम पिता ओल सिंह नेताम (42 साल) घुंचापाली को 3000 एमएल महुआ शराब कीमत 600 रुपए के साथ पकड़ा है।

# उदंती रिजर्व से अतिक्रमण हटाने के बाद, स्वतंत्र विचरण करने लगे वन्य प्राणी

## 7 माह के भीतर 28 कर्रवाई कर 110 शिकारियों को भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मैनपुर

वन विभाग के इतिहास में अब तक की सबसे बडी कार्यवाही का रिकार्ड उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व में दर्ज किया है। जहां उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के युवा उपनिदेशक वरूण जैन के नेतृत्व में पिछले 7 माह के भीतर वन विभाग के टीम ने 28 बड़ी कार्यवाही करते हुए 03 बाघ एंव पांच तेन्दुआ के खाल सहित विभिन्न वन्य प्राणियों के अवशेष बरामद करने में सफलता प्राप्त किया है। वहीं लगातार ताबड़तोड़ कार्यवाही करते हुए जंगल के भीतर अवैध कब्जा कर मकान बनाकर निवास करने वाले ओड़िशा के लोगों को बेदखल किया गया है। जिसके परिणाम स्वरूप अब अवैध अतिक्रमण मुक्त जंगल में वन्य प्राणी खुले में स्वतंत्र विचरण करते दिखाई दे रहे हैं, जिसकी तश्वीर लगातार वन विभाग द्वारा उपलब्ध कराई जा रही है। उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व में एक सुकून भरा बदलाव का सफर देखा जा रहा है, बीते दिनों उदंती सीता नदी वन परिक्षेत्र के जंगल में स्थित सोरनामाल गांव में विभाग ने कार्रवाई की। अतिक्रमित बस्तियों को हटाया गया, अब जानवरों की आवाजाही के सुंदर दृश्य दिखाई दे रहे हैं। कई साल से ग्रामीणों ने इस जगह पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया था, कुछ समय पहले वन विभाग ने यहां कार्रवाई कर अतिक्रमणकारियों को खदेड़ दिया, वहीं अब तक 106 शिकारियों पर शिकंजा कसा गया है। उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के उपनिदेशक वरुण जैन के निर्देश पर अतिक्रमण हटाने के बाद इस क्षेत्र में कैमरे लगाए हैं, अब इन कैमरों से प्रकृति के पुनरुत्थान की मंत्रमुग्ध कर देने वाली झलकियां कैद होने लगी हैं। उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व ▸▸शेष पेज 10 पर



### उदंती वन नए रूप में चमक रहा

उदंती सीता नदी टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरुण जैन ने फोटो जारी कर बताया कि ग्राम सोरनामाल में हुई अतिक्रमण की कार्रवाई के बाद अब उदंती वन अपनी सुंदरता को पुनर्निर्माण करते हुए नए रूप में चमक रहा है। वन्य जीव संरक्षण के लिए यह कदम महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिससे न केवल जानवरों को उनके प्राकृतिक आवास में बनाए रखने का सुनहरा अवसर मिल रहा है।

### उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व रिकार्ड कार्यवाही

वन विभाग के इतिहास में इसे अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई के नाम पर रिकॉर्ड किया गया है, अफसरों पर हमले हुए, कोर्ट में भी हाजिरी देनी पड़ी, बावजूद इसके अभियान में वन अमला डटा रहा, अतिक्रमण हटते ही जंगल के भीतर चल रहे वन्य प्राणियों के शिकार का चेन भी टूटा, टाईगर रिजर्व के एंटी पोचिंग टीम ने 3 जून से 19 दिसंबर तक 28 ऑपरेशन में 106 शिकारियों को पकड़ा, इसमें भी नया रिकॉर्ड बनाया, 3 बाघ और 5 तेंदुए के खाल समेत विभिन्न वन्य प्राणियों के अवशेष जब्त किया।





## सौगात : मुख्य अतिथि के रूप में राजिम विधायक रोहित साहू हुए शामिल

# सुशासन दिवस पर जिले के किसानों को 117 करोड़ 58 लाख रुपए का बोनस वितरित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फिंगेश्वर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोमवार को सुशासन दिवस के अवसर पर गरियाबंद जिले के किसानों को धान की बोनस राशि का ऑनलाइन भुगतान किया। किसानों को 300 रूपए प्रति क्विंटल की दर से बोनस का वितरण किया गया। इसके तहत जिले के किसानों को 117 करोड़ 58 लाख रुपए बोनस राशि के रूप में बैंक खातो में मिले। वर्ष 2014–15 अंतर्गत 44 हजार 507 एवं 2015–16 के 34 हजार 292 किसानों को बोनस राशि का भुगतान किया गया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला स्तरीय बोनस भुगतान कार्यक्रम फिंगेश्वर के मंडी प्रांगण में आयोजित किया गया। इस अवसर पर राजिम क्षेत्र के विधायक श्री रोहित साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में किसानों को बोनस प्राप्ति का प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि मोदी की गारंटी के अंतर्गत हमने दो साल के बकाया बोनस के भुगतान का वायदा किया था और इसे आज अटल जी की जयंती सुशासन ▸▸शेष पेज 10 पर

- वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से फिंगेश्वर के मंडी प्रांगण में जिला स्तरीय कार्यक्रम का हुआ आयोजन





### मोदी की गारंटी के अंतर्गत जो भी वायदा हमने किया उसे पूरा करेंगे : विधायक

फिंगेश्वर के मंडी परिसर में आयोजित बोनस वितरण कार्यक्रम में विधायक श्री रोहित साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में मोदी की गारंटी के अंतर्गत जो भी वायदा हमने किया है। सभी वायदे पांच साल के अंतर्गत पूरा करेंगे। हमने वायदा किया है कि जो विवाहित महिलाएं हैं उनके खाते में हर महीना एक हजार रुपए महतारी वंदन योजना के अंतर्गत देंगे। इसके लिए भी अनुपूरक बजट में प्रावधान कर दिया गया है। उज्ज्वला योजना के अंतर्गत गैसकार्ड धारी परिवारों को पांच सौ रुपए में सिलेंडर देने का भी काम किया जाएगा। भूमिहीन कृषि मजदूरों को एक साल में दस हजार रुपए देने का काम करेंगे। इस अवसर पर वरिष्ट भाजपा नेता भागवत हरित, अशोक राजपूत, रामूराम साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष जगदीश यादव, मनीश हरित, राजू साहू, डॉ. प्यारेलाल सोनकर, महेश यादव, संतोशी श्रीवास्तव, मंजू हरित, सीमा राजपूत, लक्ष्मी श्रीवास्तव, रवि साहू, विजय कंडरा, रामाधार साहू, सहित बडी संख्या में जनप्रतिनिधि कलेक्टर आकाश छिकारा, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रीता यादव, अपर कलेक्टर अविनाश भोई, एसडीएम धनंजय नेताम,सीईओ अजय पटेल,एसएन पांडेय,सहित जन प्रतिनिधि गण,अधिकारी कर्मचारी एवं भारी संख्या में नागरिक गण मौजूद रहे।



## दो नाबालिग छात्राएं लापता




हरिभूमि न्यूज ▸▸ रसेला


ग्राम रसेला से दो स्कूली छात्राएं लापता हैं, परिजन कह रहे हैं कि दोनों छात्राए स्कूल जाने के घर से 13 दिसंबर को बैग लेकर निकलीं थी अभी तक घर वापस नहीं लौटी है। दो दिनों तक परिजन अपने आस-पास व परिवार, रिश्तेदार में ढूंढ़े लेकिन नहीं मिल पाने से छुरा थाने में मामले की जानकारी अवगत कराएं गए है। परिजनों का कहना है कि अभी तक पुलिस थाने से मिलने के बाद कोई सुचना प्राप्त नहीं हुआ है। एक छात्रा कक्षा ग्यारहवीं के दो दुसरा छात्रा कक्षा नवमीं के बताया जा रहा है। ये दोनों छात्रा सगी बहनें हैं वहीं दोनों छात्राओं के एक ही दिन लापता हो जाने से उनके मां बाप का खोजबीन करने में बुरा हाल है वहीं मां बाप काफी परेशान एवं दुखी हैं। वहीं परिजनों कहते हैं पुलिस का कहना है कि खोजबीन जारी है और पता चल जाने से तुरंत खबर करने की बात कही गई है। छुरा थाना प्रभारी ने कहा कि जांच जारी है हमारी पुलिस टीम जांच में लगी हुई है और बहुत जल्द ही हम दोनों छात्राओं को ढूंढ लेंगे।

# सड़क पर आवारा मवेशियों का कब्जा राहगीर हो रहे हैं हादसे का शिकार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोपरा

शहर की सड़क हो या गांव की सड़क यहां घूमते आवारा मवेशी वाहन चालकों व राहगीरों के लिए खतरा साबित हो रहे हैं। यह समस्या ग्राम लोहरसी के हाई स्कूल रोड़ पर दिखाई देती है। बरसात, गर्मी या ठंड सड़क पर मवेशियों का जमावड़ा बना रहता है। सबसे अधिक समस्या राहगीरों व स्कूली बच्चों को आए दिन वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। पशुओं के स्वच्छंद विचरण से आवागमन बाधित होने के साथ राहगीरों को आने-जाने में जानवरों का भय बना रहता है। सुबह से लेकर रात तक आवारा पशु सड़कों पर डटे रहते हैं। इन्हें सड़क से भगाने की कोशिश में ही दुर्घटनाएं घट जाती हैं। सबसे ज्यादा परेशानी रात्रि के समय हो रही है अचानक मवेशी दौड़ पड़ते है जिससे आने जाने वालो को दुर्घटना होने की सम्भवना बनी रहती है। जब ये आवारा पशु बाजार में घुसकर अव्यवस्था उत्पन्न करते हैं और इन्हें भगाने की कोशिश में ▸▸शेष पेज 10 पर





# निर्माणाधीन सड़क पर पानी तराई नहीं होने के कारण धूल से ग्रामीण और राहगीर त्रस्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पांडुका

एडीबी प्रोजेक्ट के तहत पांडुका, जतमाई, घटारानी, मडेली मुंडा गांव मार्ग का उन्नयन एवं पुनरनिर्माण कार्य किया जा रहा है। इसके तहत लोक निर्माण द्वारा प्रोजेक्ट के तहत या कार्य स्वीकृत है। लगभग 11 सितंबर 2019 से चालू इस कार्य में कार्य की अवधि 24 माह था। पर लगभग 5 साल से कछुआ गति से कार्य प्रगति पर है। जो अब तक पूरा नहीं होते दिख रहा है तथा इन दिनों तौरंगा से लेकर जतमई तक कार्य में मुरम एवं गिट्टी को बिछाया जा रहा है पर निर्माण कंपनी द्वारा पानी छिड़काव नहीं होने से मोहल्लेवासी सहित जतमई दर्शनार्थी और राहगीर बहुत परेशान है। ब्लॉक मुख्यालय छुरा व तहसील जाने वाले राहगीर भी काफी मुश्किलों ▸▸शेष पेज 10 पर

- जतमई दर्शनार्थी सहित छुरा व तहसील जाने वाले राहगीर परेशान



### सड़क निर्माण में लगातार बरती जा रही लापरवाही

तो वहीं सांकरा गांव स्थित कार्यालय के अन्य कर्मचारियों को भी जानकारी दी गई की सड़क पर पानी छिड़काव किया जाए। जिससे लोग परेशान है। पर निर्माण एजेंसी के द्वारा अभी तक पानी का छिड़काव नहीं किया गया। लगभग 37.7 किलोमीटर तक बनने वाले इस करोड़ों रुपये की लागत से बन रही सड़क में गुणवत्ता का तो पता नहीं लेकिन लगातार लापरवाही बरती जा रही है। धूल भरे सड़क से ग्रामीण परेशान होते रहते हैं। सड़क में आना - जाना मुसीबत का सबब बनता जा रहा है। जिससे सर्दी खांसी और दमा वाले मरीज के लिए तो जी का जंजाल साबित हो रहा है। वहीं घरों के छप्पर और छतों के माध्यम से घरों तक धूल घुस रहा है। जिससे खाने- पीने की चीजों में धूल बैठने से महिलाएं परेशान हैं।




## तीसरे दिवस की कथा में पं. कृष्णा दुबे ने बताई शिवजी की महिमा

# शिव का नाम लेने से ही सांसारिक जीवन सुंदर हो जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नवापारा-राजिम

श्री राधाकृष्ण मंदिर में चल रहे शिव कथा के तीसरे दिवस महाराज श्री कृष्णा दुबे ने अपने अमृतमयी ज्ञान गंगा में श्रीराम जी की महिमा, श्री हनुमान जी महाराज का वर्णन और शिवजी की कथा बताते हुए कहा कि श्रीराम जी की भक्ति करते हैं, शिवजी अपने दस अवतार के निचोड़ को समेट कर श्रीराम जी की सेवा करने के लिए एकादश अवतार में रुद्रावतार धारणकर , शंकर सुवन केसरी नंदन बनकर इस वसुंधरा पर प्रकट हुए। पंडित जी ने प्रथम दिन श्री शिवमहापुराण के माहत्म्य का वर्णन किया। दुसरे दिन कर्म ज्ञान और भक्ति ज्ञान का सुंदर निरुपण, शिव लिंग पुजन की विधि, प्रथम शिवलिंग की उदगमता को विस्तार से बताया। तीसरे दिवस में कलिकाल से बचने का उपाय श्रीराम नाम रुपी धन की चाहत रखेंगे, शिव नाम का श्रृंगार करेंगे तो यह शरीर और काया ही नहीं बल्कि सांसारिक जीवन भी सुंदर हो जाएगा।





### भक्ति ऐसी हो जिसमें भगवान को भक्त की जरुरत पड़े

बताया कि अपने ईष्ट पर विश्वास करके किया हुआ कर्म कभी निष्फल नहीं होता, जैसे अर्जुन ने श्री कृष्ण जी पर विश्वास किया, शबरी मां ने गुरु पर किया। भक्ति ऐसी होनी चाहिए कि भगवान को भी भक्त की जरुरत पड़े। श्री बालयोगी ने भगवान श्रीराम की कथा में बताया कि वे पिता के दिए वचन से राजपाठ का त्याग कर घने जंगल में 14 साल बिताए। जीवन जीने की कला श्रीराम जी से सीखें। वे त्यागी है, सरल है, भाईयों से प्रेम करने वाले है।

### पिपरहट्टा में मनाया गया सुशासन दिवस

**पाटसिवनी (पिपरहट्टा)।** सोमवार को ग्राम पंचायत पिपरहट्टा में छत्तीसगढ़ राज्य निर्माता पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस के रूप मे मनाई गई। इस अवसर पर गांव के अटल चौक में सुशासन दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के छायाचित्र पर माल्यापर्ण कर किया गया। उपस्थितजनों ने पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हे नमन किया और उनके आदर्शो पर चलने का संकल्प लिया।


हरिभूमि

पाठक सूचना

गरियाबंद जिले में

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9993223300, 8370049468

खबर संक्षेप



## कलेक्टर छिकारा ने ग्राम पोंड के अटल चौक अटल बिहारी को दी श्रद्धांजलि

**गरियाबंद।** कलेक्टर आकाश छिकारा ने सोमवार को सुशासन दिवस के अवसर पर ग्राम पोंड के अटल चौक में पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती पर उन्हें नमन किया। उन्होंने अटल चौक पर श्री बाजपेयी के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर कलेक्टर श्री छिकारा ने कहा कि स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी एक महान व्यक्तित्व के धनी और लोकप्रिय राजनेता रहे हैं। उनका निर्विवाद राजनैतिक जीवन सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। कलेक्टर श्री छिकारा ने अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस के अवसर पर मनाये जाने वाले सुशासन दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जनता हेतु सरकार की जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए सुशासन बेहद महत्वपूर्ण है। जिला प्रशासन जिले के विकास और जिलेवासियों के उत्थान के लिए सदैव तत्पर और गंभीर है।

## शिक्षिकाओं ने गरीबो को बांटा स्वेटर और कंबल

**नवापारा राजिम।** श्री महावीर दिगंबर जैन पाठशाला के शिक्षिका, जरूरतमंद गरीब परिवार के बच्चों से लेकर बुजुर्गों को स्वेटर व कंबल का वितरण किया। अंचल में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। ठंड ने इन गरीब परिवारों की मुसीबतें बढ़ा दी हैं। कंबल बांटने निवेदिता पहाड़िया ,सुरेखा गदिया ,मोनिका गंगवाल, नंदिता जैन, अंजलि पहाड़िया, अनुजा जैन, अनुश्री जैन, आयुषी जैन, शानवी जैन, अखिलेश जैन मौजूद थे।

## भवसागर पार करने वाले राम कथा को अंगीकार करें : चिंताराम




**छुईहा बेलर।** ग्राम चरौदा में 23 से 25 तक चल रहे पथिक परब का सोमवार को भव्य महारती के साथ समापन हुआ। कार्यक्रम संयोजक युगल किशोर सिन्हा, चिंता राम सेन ने कहा मानस पथिक परिवार छत्तीसगढ़ 11 मई 2016 से संचालित है। प्रदेश भर के जिला मे आयोजन होता है। यह चरौदा का 53 वां मानस संगोष्ठी है। छत्तीसगढ़ के सम्पूर्ण जिला मानस पथिक के संयोजन से स्थानीय जनभागीदारी से आयोजित होता है। मंच संचालक चिंता राम सेन ने कहा तीन दिन अविरल रामकथा हुए को अंगीकार करें।मानस की कृपा से भवसागर पार करने की शक्ति प्राप्त करते है। इस दौरन विनोद ध्रुव, लालजी यादव, कन्हैया बोडकी, पुरूषोत्तम सिन्हा, किर्तन पटेल, जीवन सेन, दिनेश सेन, ईतवारी सिन्हा, श्यामाचरण दिवान, बिसम्भर ध्रुव, भगवान सिंग ध्रुव, पुनम ध्रुव, गणेशिया बाई ध्रुव, मुकेश, धनश्याम ध्रुव, नेक राम सिन्हा, रोशन देवांगन,महेश साहू इत्यादि सहयोगी व मानस श्रदालू उपस्थित थे।

# भिलाई ने बारुका को फाइनल में हराकर ट्राफी पर किया कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद

### कोदोबतर में वॉलीबॉल डे-नाइट प्रतियोगिता हुई



स्टार युवा क्लब कोड़ोबतर द्वारा डे नाइट वॉलीबॉल प्रतियोगिता का रविवार रात को समापन हो गया। इस प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में भिलाई की टीम ने बारुका बी को लगातार 25- 9,15-10 के सेटों से हराकर प्रतियोगिता के फाइनल पर अपना कब्जा जमा लिया। भिलाई की टीम ने बहुत ही शानदार खेल दिखाते हुए गजब का प्रदर्शन किया। हालांकि बारुका बी ने भी आसानी से हार ना मानते हुए जमकर मुकाबला किया और उपविजेता रही। और वही तीसरे स्थान पर गरियाबंद सिटी स्पोर्ट्स क्लब रही, कोदोबतर स्टार युवा वालिबॉल क्लब के मैदान में उपस्थित दर्शकों द्वारा भी खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया जा रहा था। राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में विजेता टीम को नकद पुरस्कार दिया गया। इनमें भिलाई को प्रथम विजेता पुरस्कार के रूप में 11 हजार रुपए दुतीय पुरस्कार 5001 और तृतीय 1100 नकद राशि पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मैच में शानदार रेफरशीप की भूमिका निभाने बाले सरगी और गरियाबंद से देकर रेफ़री को सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित करते हुए ग्राम प्रमुख ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से ग्रामीण अंचल के खिलाड़ियों का मनोबल तो बढ़ता ही है। साथ ही आगे आने में सहायता मिलती है। मैं खिलाड़ियों की हमेशा मदद करने के लिए तत्पर रहूंगा। ने कस्बे में मैंने पहली बार इतनी शानदार प्रतियोगिता देखी है और हमेशा क्षेत्र में सभी अच्छे कार्यों के लिए मैं हमेशा सहायता करने के लिए तैयार हूं। आगामी कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने और हर संभव मदद करने का सभी को भरोसा दिया।

**इनकी रही उपस्थिति**

इस मौके पर मुख्य अतिथि नाजमा खान जनपद सदस्य . मथुरा ध्रुव सरपंच ग्राम पंचायत कोदोतर प्रेमीन यादव उपसरपंच ग्राम पंचायत कोदोबत्तर विशिष्ट अतिथि ग्राम प्रमुख विजय ध्रुव, भगवान सिंह ठाकुर, चुरावान जांगडे, सोमलल ध्रुव, गैंदराम ध्रुव, सुमार ध्रुव, मोहित ध्रुव, प्रह्लाद सिंह, राजेश भारद्वाज, भीखम, तरुण, महेत्तर, मनीराम, रजाऊ, संतोष, अनुज अध्यक्ष लोमश यादव, उपाध्यक्ष राजू विश्वकर्मा, सचिव प्रभात, भूपेंद्र, कोषाध्यक्ष यशवंत ध्रुव, संरक्षक इतवारी ध्रुव, कप्तान सोहन निषाद, दुर्गेश, प्रीतम, मनीष, देवेंद्र सहित ग्रामवासी कोदोबतर जिला गरियाबंद के सहयोग से यह आयोजन हुआ।

**विशेष : अटल बिहारी 41 वर्ष पूर्व तौरेंगा ग्राम पहुंचे थे लेकिन अब तक गांव में नहीं पहुंची बिजली**

# तौरेंगा में आज भी मूलभूत सुविधाओं का अभाव अंधेरे में गुजर बसर करने ग्रामवासी मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

> ■ छत्तीसगढ में भाजपा के सरकार बनने के बाद तौरेंगा ग्राम के लोगों में जागी विकास की उम्मीद

सोमवार को पुरे देश में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी जी के जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर अंतर्गत विशेष पिछडी जनजाति ग्राम तौरेंगा में आज से 41 वर्ष पहले देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी पहुंचे थे। यहां के निवासियों को वह दिन आज भी याद है और ग्रामीण बहुत ही भावूक होकर आज भी अटल जी तौरेंगा के जिस विश्राम गृह में रूके थे उसके बारे में बताते है इस दौरान अटल जी ने बडी ही सहजता के साथ यहां के ग्रामीणों से मुलाकात भी किया था। अपना चश्मा भुलकर चले गये थे। जिसे दिल्ली तक भिजवाया गया था। एक एक बात यहां के बुजूर्ग ग्रामीणों को याद है लेकिन प्रदेश में सत्ता का कई बार परिवर्तन हुआ लेकिन ग्राम तौरेंगा में आज तक मूलभूत समस्याओं का समाधान नहीं हुआ। आज केंद्र के नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा पुरे देश में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के जयंती के सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। केन्द्र में भाजपा का सरकार है और तो और छत्तीसगढ राज्य में भी भारी बहुमत के साथ भाजपा की सरकार बनी है और प्रदेश की बाघडोर आदिवासी मुख्यमंत्री विष्णदेव साय के हाथों में ऐसे में अब तौरेंगा ग्राम के विशेष पिछडी जनजाति के लोगों को सरकार को विकास की उम्मीद बंधी है और तो और यहां के ग्रामीण ग्राम तौरेंगा को आदर्श अटल ग्राम के रूप में विकसित करने की मांग कर रहे हैं।






### ग्रामीणों से अटल बिहारी ने की थी समस्याओं के संबंध में चर्चा

तहसील मुख्यालय मैनपुर से महज 22 किमी दूर नेशनल हाइवे 130 सी किनारे स्थित ग्राम तौरेंगा एक ऐसा गांव है जिसे प्रदेश देश और विदेशो में भी जाना जाता है कारण तौरेंगा स्थित वन विभाग विश्राम गृह का इतिहास काफी गौरवशाली रहा है 41 वर्ष पहले देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेयी ओड़िशा से कार के माध्यम से लौटते समय तौरेंगा विश्राम गृह मे 4 –5 घंटे रूककर यहां के ग्रामीणों से



मूलाकात किया था और उनके समस्याओं के संबंध में उनसे चर्चा भी किया था अटल जी 1977 से 1979 तक देश के विदेश मंत्री रहे इसलिए उन्हे क्षेत्र की जनता उस समय भी भली भांति जानते थे और अटल बिहारी वाजपेयी के तौरेंगा आने की खबर लगते ही तत्कालीन भाजपा के मंडल अध्यक्ष स्वर्गीय कंवलदास वैष्णव मैनपुर भाठीगढ़ के साथ बड़ी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता और क्षेत्र के वरिष्ठ लोगों ने अटल जी से तौरेंगा विश्राम गृह में मूलाकात किये थे और तस्वीर खिचवाई थी।



### गांव के ऊपर से बिजली की तार गुजरी है पर तौरेंगा में छाया अंधेरा

ग्राम तौरेंगा में आज तक बिजली की रौशनी नहीं पहुंची है यह ग्राम पंचायत में 50 प्रतिशत आबादी विशेष पिछडी जनजाति कमार आदिवासियों की है और सबसे मजेदार बात यह है कि इस गांव के ऊपर से होकर 132/33 केव्ही विद्युत केन्द्र में बिजली की हाईटेंशन तार गई है इसके बावजूद दिया तले अंधेरा को यह गांव चरितार्थ कर रहा है। ग्राम पंचायत तौरेंगा कि जनसंख्या लगभग 1830 के आसपास है। ग्राम तौरेंगा मूलभूत बुनियादी सुविधाओ के लिये तरस रहा है स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली, पेयजल, राशन जैसे मूलभूत सुविधाएं इन्हे उपलब्ध नही हो पा रही है। जबकि यह गांव नेशनल हाइवे मे बसा होने के कारण आये दिनो बड़े अफसर व भाजपा के सांसद विधायक इस ग्राम से होकर गुजरते है। और यहां के ग्रामीण हमेशा इस ग्राम मे बिजली लगाने की मांग प्रमुखता के साथ करते है।

# बोनस पाकर खिले किसानों के चेहरे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पाण्डुका

विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रदेश में जारी है। गरियाबंद जिले के छुरा विकासखंड के ग्राम पोंड़ में सोमवार को यात्रा पहुंची। विभागीय अधिकारियों ने विभिन्न योजनाओं से लाभ लेने हेतु पात्रता तथा प्रकिया की जानकारी दी। इस देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मजयंती पर सुशासन दिवस का आयोजन भी हुआ तथा छग शासन द्वारा पूरे प्रदेश के किसानों को दो वर्ष के बकाया बोनस राशि का उनके बैंक खातों में हस्तांतरण किया गया। संकल्प यात्रा के दौरान जिले के विभिन्न स्थानों पर शिविर आयोजित कर हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम पंचायत में पोंड़ में शिविर आयोजित किए गए उक्त शिविर में स्क्रीन के माध्यम से प्रदेश स्तरीय बोनस वितरण कार्यक्रम का सजीव दृश्य दिखाया गया। यह यात्रा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार गांव-गांव में पहुंच रही है। कार्यक्रम में पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय ने ग्रामीणों को यात्रा के महत्व की



जानकारी देते हुए केन्द्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी तथा समीक्षा भी की। सभा को भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश साहू, जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, जनपद अध्यक्ष तोकेश्वरी मांझी, जनपद सदस्य रजनी चौरे, भाजपा मंडल अध्यक्ष संदीप पांडेय ने भी संबोधित किया। इस दौरान भाजपा मंडल महामंत्री किसन कंडरा, प्रकाश सिन्हा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विरेन्द्र कुमार साहू, टीकम साहू, गुलशन सिन्हा, डोमार साहू, राजेश यादव, घासी राम साहू, राजकुमार निर्मलकर, गोपाल साहू, मनीराम साहू, बरातू साहू, गुलाब यादव, हेमलता साहू, कन्हैया चक्रधारी, खिलावन सिन्हा, हुकुम साहू, सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।



## पालिका के तत्वावधान में मनाया गया सुशासन दिवस

नवापारा-राजिम। नगर पालिका नवापारा के तत्वावधान में पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी के जयंती को सुशासन दिवस के रूप में पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक में मनाया गया और शपथ लिया गया। प्रारंभ में मंडल अध्यक्ष उमेश यादव,पालिकाध्यक्ष धनराज मध्यानी, उपाध्यक्ष चतुर जगत, नगर पालिका के नेता प्रतिपक्ष प्रसन्न शर्मा, टिंकु सोनी, भूपेंद्र सोनी, अशोक गंगवाल, बाबी चांवला, तुकाराम साहू, रूपेंद्र चंद्राकर, धीरज साहू, मनीष देवांगन, गणपति साहू, कैलाश तिवारी, अनस रिजवी, अजीत चौधरी, देवेंद्र सेन, फेकनु साहू व सीएमओ संतोष विश्वकर्मा सहित नगर पालिका के स्टॉफ ने अटल बिहारी वाजपेयी के तस्वीर पर माल्यार्पण कर नमन किया। यहां पर

## जिला साहू संघ के उपाध्यक्ष बने रिकेश



**राजिम।** साहू संघ के जिलाध्यक्ष नारायण साहू ने भाजपा युवा नेता रिकेश साहू को जिला साहू संघ का उपाध्यक्ष नियुक्त किया। मालूम हो कि रिकेश साहू सामाजिक, राजनीतिक एवं धार्मिक कार्यों में हमेशा से सक्रिय रहते आया है। इसे देखते हुए इन्हें जिला उपाध्यक्ष बनाया गया। रिकेश को समाज के लोगो ने अपनी शुभकामना दी है।

## अटल चौक में विधायक ने बाजपेयी को श्रद्धासुमन अर्पित की

**फिंगेश्वर।** नगर के अटल चौक मे विधायक रोहित साहू ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के छाया चित्र की पूजा अर्चना कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस अवसर पर भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने अटल बिहारी अमर रहे का नारा लगाया। इस अवसर पर वरिष्ट भाजपा नेता भागवत हरित, डा.प्यारेलाल सोनकर, मनीश हरित, जगदीश यादव, महेश यादव, मोती निशाद, विजय कंडरा, रामाधार साहू, इंद्रमन साहू, गैंदलाल साहू, कुंजन लाल साहू सहित बड़ी संख्या मे भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# जय बिरसा मुंडा समिति की बैठक में प्रबुद्धजनों ने रखे अपने विचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर



राजापड़ाव क्षेत्र के ग्राम मोंगराडीह में जय बिरसा मुंडा युवा/युवती समिति के तत्वावधान में सामाजिक चिंतन को लेकर बैठक आहूत की गई। बैठक में प्रमुख रूप से जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम तथा समिति के प्रबुद्ध व सक्रिय कार्यकर्ता पहुंचे व अपने विचार व्यक्त किए। उपरोक्त बैठक में जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम ने सभी सदस्यों के विचारों को सुनकर कहा कि मैने कहा कि जो बातें संगठन में रखी गई है वो स्वागत योग्य है, यह आवश्यक है कि हम सब को एकजुट रहना है और क्षेत्र में भी एकता बनाये रखना जरूरी है ताकि हमें आगे चलकर सकारात्मक परिणाम मिल सकें। युवा सरपंच अजय नेताम ने नशा पान से दूर रहने के लिए आग्रह करते हुए नशे को समाज के विकास में बाधक बताया। युवा समिति के अध्यक्ष रमेश मरकाम ने शिक्षा के प्रति जोर देने व ग्राम पंचायत भूतबेड़ा में कोई भी बच्चा 12 वी में गणित, साइंस व कॉमर्स में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने पर उसे समिति के द्वारा 1 लाख रूपये प्रोत्साहन राशि देने का प्रस्ताव रखा। इस दौरान टीकम मरकाम, उपाध्यक्ष कोषाध्यक्ष रविंद्र सिंह मरकाम, सचिव जोहर मरकाम, सह सचिव कार्तिक नेताम,अजय नेताम, कृष्ण हरपाल,कुलेश्वर कुंजन, सुरेश कुमार,अशोक मरकाम, धनेंद्र सूर्यवंशी,अजय मरकाम, अर्जुन मरकाम,नरेश कुमार,शकुंतला मरकाम, फूलमती नेताम, कामीतला नेताम, किशनतीन नेताम, टीना नेताम सहित सैकड़ों की उपस्थिति रही।

# कलश का वितरण व शोभायात्रा कल



**छुरा।** श्री राम जन्मभूमि अयोध्या के राम मंदिर में रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी 2024 को किया जाएगा। इस उत्सव का रूप देने की तैयारी प्रारंभ हो चुके हैं, गांव एवं शहर में भी उत्सव मनाया जाएगा। छुरा मंडल का पूजित कलश का वितरण एवं नगर में शोभायात्रा कार्यक्रम दिनांक 27 दिसंबर को होगा। समय 12:00 से मानस मंदिर प्रांगण में पूजा अर्चना कलश वितरण तत्पश्चात नगर में झांकी के साथ भजन कीर्तन करते हुए नगर में शोभा यात्रा होगी, छुरा मंडल में 18 गांव एवं छुरा नगर 15 वार्ड में सम्मिलित है। हरदी ,डांगनबाय ,खट्टी, लोहझर, कसहीबाहरा, खुसरूपाली,बहेराभाठा, दादरगांव पुराना कारीदाद पिपराही, बोरियाझर भरुवामुडा, कोसमबुडा ,रावनाभाठा, टेंगनाबासा ,सारागांव, डूमरडीह, कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए उज्जवल जैन ,मनीष शारडा, महेंद्र निखिल साहू मोनू सेन, शीतल ध्रुव समाजसेवी शिव शक्ति रामायण मंडली महिला मंगल, शिक्षक मानव परिवार, शीतला समिति, सेवा समिति, मानस यज्ञ समिति, गायत्री परिवार हिंदू धर्म प्रेमी लगे हुए है।

## सुशासन दिवस पर अटल संध्या का किया गया आयोजन

**गरियाबंद।** सुशासन दिवस के अवसर पर नगर पालिका परिषद गरियाबंद में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आमजनों द्वारा मुक्तिधाम एवं मुख्य मार्ग में सफाई श्रमदान किया गया। शाम को अटल संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू शामिल हुए। इससे पहले



सुशासन दिवस के अवसर पर नगर पालिका परिषद गरियाबंद के अध्यक्ष शेख गफ्फार मेमन के मुख्य आतिथ्य एवं उपाध्यक्ष सुरेंद्र सोनटेके सहित समस्त पार्षदगण, जनप्रतिनिधिगण एवं पालिका स्टाफ के द्वारा पालिका से अटल चौक तक प्रभात फेरी निकाली गई। अटल चौक में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर माल्यार्पण, पूजाअर्चन के साथ राष्ट्र गान, सुशासन शपथ के साथ सभी अतिथिगण द्वारा अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन चरित पर व्याख्यान दिया गया। सायं अटल सन्ध्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा रंगोली, पेंटिंग,निबंध प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को जन प्रतिनिधि गण द्वारा पुरस्कार एवं प्रशस्तिपत्र वितरित किया गया।

## पेज 9 के शेष...

### उदंती रिजर्व से...

वन प्रशासन ने घोरागांव से बेदखली का अभियान चलाया, फिर 6 अप्रैल को सोरनामाल, 19 मई को गोहरामाल, 26 मई को इचरादी से अतिक्रमणकारियों को बेदखल करा कर उपनिदेशक वरुण जैन ने खलबली मचा दी, राजनीतिक रसूख और वोट बैंक के चलते ये अतिक्रमण कारी ढाई लाख पेड़ काट कर 600 हेक्टेयर वन भूमि पर काबिज कर लिए थे, इन्हें खदड़ने उपनिदेशक वरुण जैन ने अभियान चलाया और सफल भी हुए।

### सुशासन दिवस पर...

दिवसर पर पूरा कर दिया गया है। प्रदेश ही नहीं पूरे देश ने मोदी की गारंटी पर भरोसा किया है। उन्होंने कहा कि आज का दिन बहुत ऐतिहासिक है। आज किसानों के बैंक खाते में बोनस की राशि पहुंच गई है। कई किसानों को तो दो लाख से अधिक की राशि मिली है। किसानों में बहुत खुशी है। हमने प्रदेश की जनता से जो भी वादा किया है वे सभी वादे पूरे किए जाएंगे।मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने शपथ लेने के अगले ही दिन कैबिनेट की बैठक में गरीबों के 18 लाख आवासों के निर्माण की मंजूरी दी।इससे उन लोगों को आवास मिल सकेगा जो पिछले पांच साल में आवास से वंचित रहे थे। पिछले पांच सालों में कुछ लोगों ने पीएम आवास की एक किशत मिलने पर मकान का काम तो शुरू किया था, फिर दूसरी, तीसरी किशत नहीं मिली तो कई बेघर रह गए,किसी ने कर्ज लेकर मकान बनवाया। हमने ऐसे बेघर लोगों की चिंता की है और उन्हें आवास देने का निर्णय लिया।

**जिले के हजार किसानों को मिला बोनस का लाभ-** उल्लेखनीय है कि जिले में खरीफ वर्ष 2014–15 में धान बेचने वाले कुल 44 हजार 507 किसानों से 23 लाख 33 हजार 272.85 क्विंटल धान की खरीदी की गई थी जिसका बोनस राशि 300 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से 70 करोड़ रूपये भुगतान किया गया। इसी प्रकार खरीफ वर्ष 2015–16 में धान बेचने वाले जिले के कुल 34 हजार 292 किसानों से 15 लाख 86 हजार 110 क्विंटल धान की खरीदी की गई थी जिसका बोनस राशि 47 करोड़ 58 लाख रूपये किसानों को दिया गया। इस अवसर पर जिले में किसानों को ब्लॉक स्तर एवं समिति स्तर पर आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से बोनस प्रमाण पत्र का वितरण किया गया।

### सड़क पर आवारा...

कई लोग घायल हो जाते हैं। इसके अलावा रोड में मवेशियों के कारण लोग सीधा से ड्राइव ही नहीं कर सकते। चौक-चौराहों व गलियों में आवारा पशुओं का डेरा कभी न खत्म होने वाली समस्या बन गई है।

आवारा मवेशियों को पकड़ने की मुहिम दम तोड़ रही है। गांव में हर चौक-चौराहों पर आवारा मवेशियों का झुंड देखा जा सकता है। स्टेशन चौक, से लेकर रोड़ में पड़ने वाली चौकों पर जगह-जगह सड़क के बीचों-बीच मवेशी एकत्र रहते हैं। ऐसे में ये कई बार सड़क दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं। मवेशियों के अचानक सामने आ जाने के कारण वाहन चालक अपना नियंत्रण खो बैठते हैं और फिर दुर्घटना होते देर नहीं लगती।

### निर्माणाधीन सड़क...

में आना-जाना कर रहे हैं। दिखावे के लिए कभी-कभी निर्माण एजेंसी द्वारा पानी टैंकर से पानी डाल दिया जाता है पर उतना पानी नहीं डाला जाता जिस से राहगीर और मोहल्ले वाले को इस धूल भरी गुबार से राहत मिल सके। ऐसा नहीं है कि निर्माण एजेंसी के अधिकारी कर्मचारी को जानकारी नहीं दिया गया है। इस बारे में एडीबी प्रोजेक्ट के परियोजना प्रबंधक को भी इस मामले में जानकारी दी गई। पर उन्होंने इसे छोटा सा कार्य है हो जाएगा करके पल्ला झाड़ दिया।

## खबर संक्षेप



### अटल जयंती पर मनाया गया सुशासन दिवस

**रसेला।** ग्राम पंचायत रसेला में अटल चौंक पर भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती व सुशासन दिवस के रूप में मनाई गई। बस स्टैंड पर स्थापित अटल चौंक की साफ-सफाई एवं रंग रोगन से तिरंगा के स्वरूप स्तंभ को दिया गया। सुशासन दिवस के दिन जनप्रतिनिधि, ग्राम प्रमुखों और आम नागरिक तथा भाजपा कार्यकर्ताओं ने अटल बिहारी वाजपेई की छाया चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित कर पुजा अर्चना किया। साथ ही साथ केक काटकर अटल बिहारी वाजपेयी को याद किए। इसी कड़ी में वहां पर उपस्थित सभी को सरपंच बिगेन्द्र ठाकुर द्वारा सुशासन स्थापित करने का शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर उप-सरपंच परमेश्वर यादव, ग्राम पटेल लोकराम यादव, डी आर यादव, शिवशंकर जयसवाल महामंत्री, रामलाल ठाकुर, सचिव भुनेश्वर ध्रुव, बेदव्यास निषाद, कृष्णा गुप्ता, डायमंड ध्रुव, सगुन दास, शिक्षक बालचंद नेताम, रामायण ठाकुर, राम यादव,परदेशी निर्मलकर,चपेश्वर निषाद, राजेश नायक सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

### पार्किंग शेड के निर्माण से लोगों को मिलेगी सुविधा



**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में पार्किंग की व्यवस्था नही होने के कारण आने जाने वाले मरीज कही भी वाहनों रख देते थे जिसके चलते भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में बेहतर पार्किंग व्यवस्था की मांग को लेकर हमारे हरिभूमि अखबार ने पिछले दिनों एक खबर भी प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया था। अब मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में बेहतर पार्किंग शेड का निर्माण कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। जिससे यहां आने -जाने वाले लोगों को सुविधा मिलेगी।

### लोहझर में डीजे डांस प्रतियोगिता 31 को

**मड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम लोहझर में राज्य स्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता 31 दिसंबर को होगा। जिसकी तैयारी ग्राम के युवा समिति द्वारा जोरों शोरों से किया जा रहा है। कलाकारों के लिए इस बार डांस का तीन मंच मिलेगा। राजिम से लगे सेम्हरतरा का मंच लोहझर से 30 किमी और वही तीसरा मंच ग्राम दुल्ला लोहझर से 6 किमी की दूरी पर है। इस बार नया साल के आगमन पूर्व डांस मंचो का जलवा रहेगा। जिसमें छत्तीसगढ़ अंचल के ख्याति लब्ध कलाकारों का आगमन हो रहा है। इस बार जिले में लोहझर का मंच बहुत ही आकर्षक और विशाल बनाने की तैयारी में है। लोहझर मंच सामूहिक विधा में प्रथम इनाम 10000 रुपये द्वितीय 70000 रुपये 5000 रुपये तथा सभी स्थान में शिल्ड दिया जाएगा। वहीं युगल विधा में प्रथम 5000 रुपये, द्वितीय 3500 रुपये, तृतीय 2500 व शिल्ड दिया जाएगा। मंच संचालक के रूप मे युवा कवि पवन ध्रूव, योगेश यादव, खेमचंद् यादव दुष्यंत यादव होंगे। लेखु साहू, उज्ज्वल साहू, तुषार साहू, रिन्केश पटेल, कान्हा यादव और समिति के साथ ग्राम लोहझर खट्टी के सभी ग्रामवासी तैयारी में लगे हुए हैं।

### निधन

**एस. के. पांडे**



**रायपुर।** अमन नगर, मोवा निवासी एवं यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के भूतपूर्व सहायक महाप्रबंधक एस. के. पांडे का आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार 26 दिसंबर को सबेरे 11 बजे देवेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे शिरीष (गोखलु) के पिता थे।

## छात्र-छात्राओं ने कहा- शिविर हमारे लिए बहुत ही लाभदायक और फायदेमंद रहा

# साहस के साथ समाज सेवा करने का रासेयो विद्यार्थियों ने लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर

राष्ट्रीय सेवा योजना डीएव्ही मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल मुंगझर के 25 छात्र–छात्राओं के द्वारा नशा मुक्त समाज के लिए युवा के थीम पर सात दिवसीय विशेष शिविर का अयोजन प्राचार्या श्रीमती सुमिता सिंह के मार्ग दर्शन में विकासखंड मैनपुर के ग्राम उरमाल में आयोजित किया गया था। शिविर के समापन के मुख्य अतिथि माखन कश्यप, पुष्पा सोरी सरपंच ग्राम उरमाल, इंदिरा देवी नेताम बीडीसी ,पुनीत राम साहू (से.नि.)शिक्षक, किशन कुमार साहू शिक्षक एवं मार्गदर्शक, मनोज सोनवानी शिक्षक, हेमलता कश्यप शिक्षक, शिविर में आए समस्त छात्र–छात्राएं मुख्य अतिथि को अपना 7 दिन का अनुभव तथा अपना परिचय देते हुए कहा कि हमने शिविर में वह कुछ सीखा जो हमने घर में नहीं कर पाते थे शिविर हमारे लिए बहुत ही लाभदायक और फायदेमंद रहा। माननीय मुख्य अतिथि श्री मखन कश्यप में भी शिविर में आए हुए बच्चों का उत्साह वर्धन किया और अपने मुखाग्र से शिक्षा और राजनीति तथा राष्ट्र सेवा के बारे में संबोधित किए, यदि हमारे अंदर सच्ची लगन और साधना से लक्ष्य प्राप्ति होती है तथा राजनीति के बारे में बोले की राजनीति एक अवसर होता है जिसे लोगों को सहायता कर, सुविधा प्रदान कर किया जाता है। गांव को देश को राष्ट्र को उन्नत की ओर ले जाने में मदद करता है। शिविर के सातों दिन अलग–अलग प्रकार के बौद्धिक चर्चा हुआ, चर्चा में श्रीमान डी एस मांझी जी प्राचार्य और उरमाल के द्वारा भी बच्चों को रचनात्मक कार्य तथा सेवा भावना के बारे में बताये। तथा गौरी शंकर कश्यप महान कवि ने युवाओं को लक्ष्य प्राप्ति और साहस का परिचय देते हुए हमारे अंदर कॉन्फिडेंस को कैसे जगाया जाता है यह बच्चों को अभीप्रेरित किए।

### स्वास्थ्य विभाग ने नशा से होने नुकसान के बारे में बताया

शिविर में स्वास्थ्य शिविर भी लगाया गया बच्चों ने सिकल सेल की जांच, स्वास्थ्य विभाग द्वारा नशा से होने वाली नुकसान स्वस्थ रहने का मार्ग बताया। यातायात रोड़ सेफ्टी सुरक्षा का भी संदेश दिया गया, प्रतिदिन गांव में परियोजना कार्य, प्रेरक उद्बोधन गांव के साफ सफाई नशा मुक्ति नुक्कड़ नाटक कभी आयोजन किया गया। शिविर के सातों दिन अलग–अलग प्रकार से कार्यक्रम हुआ। इस शिविर में अलग–अलग दिन शिविर में श्रीमती दीपिका यादव शिक्षिका, कविता साहू शिक्षिका ने परियोजना कार्य में अपना सहयोग दिए। राष्ट्रीय सेवा योजना जो व्यक्ति के चरित्र और व्यक्तिगत विकास करता है राष्ट्रीय सेवा योजना एक कुशल प्रशासक अच्छा नेता तथा दूसरे को समझने की शक्ति प्रदान करता है। राष्ट्रीय सेवा योजना



निरूस्वार्थ भाव से सेवा प्रदान करने का अवसर देता है। नीरज कुमार साहू शिक्षक शिविर के संचालन कर्ता तथा कार्यक्रम अधिकारी ने पूरे सातों दिन बच्चों को देखरेख खाना बनाने का तरीका, योग शिक्षा शारीरिक शिक्षा, मानसिक शिक्षा तथा निस्वार्थ भाव से काम करने का संदेश देते हुए शिविर में उपस्थित वॉलिंटियर राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र- छात्राओं को मुख्य अतिथि के हाथों से सर्टिफिकेट मेडल तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले को ट्रॉफी प्रदान किया गया।

# 2 वर्ष का बोनस मिलने से खुश हुए किसान



हरिभूमि न्यूज ▸▸| रसेला

आदिम जाति सेवा सहकारी समिति रसेला पंजीयन क्रमांक 1769 में छत्तीसगढ़ राज्य निर्माता पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न श्रद्धेय स्व श्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती व सुशासन दिवस पर धान उपार्जन केन्द्र रसेला में कृषकों को 2 साल का बोनस प्रमाण पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य अतिथि कृषक दुखूराम यादव, अध्यक्षता शिवशंकर जायसवाल भाजपा महामंत्री छुरा मंडल, विशेष अतिथि सरपंच बिगेन्द्र ठाकुर, उप-सरपंच परमेश्वर यादव, विशिष्ट अतिथि के रूप में लोकराम यादव ग्राम पटेल, दयाराम नागेश जिला लघु वनोपज समिति संचालक, देवलाल बारिक, धनेश ठाकुर, कमलेश्वर नायक, सगुन दास, कृष्णा गुप्ता, रामलाल ठाकुर झवर अग्रवाल आदि मंच पर उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुभारंभ स्वर्गीय वाजपेयी के छायाचित्र पर सभी अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर पुजा अर्चना कर किया गया। तत्पश्चात सभी अतिथियों का गुलाल लगाकर स्वागत किया गया। सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डी आर यादव ने कहा कि वाजपेयी ने ग्रामीण और कृषि क्षेत्र में मजबूती के लिए महत्वपूर्ण कार्य किया, उनकी सोच समाज के अंतिम व्यक्ति का कल्याण करना था। इसी सोच के फलस्वरूप उनके शासनकाल में अन्नपूर्णा योजना शुरू की गई, जिसमें जिन पात्र बुजुर्गो को वृद्धावस्था पेंशन नहीं मिलती थी उन्हें हर माह 10 किलो अनाज निशुल्क दिया गया। लोकराम यादव ने कहा कि वाजपेयी ने अपने प्रधानमंत्रित्व काल में स्वर्णिम चतुर्भुज योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना जैसे अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं को मूर्त रूप प्रदान किया। सभा को सभी अतिथियों ने संबोधन किया गया।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा बना मील का पत्थर : योगेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर

विकसित भारत संकल्प यात्रा से ग्रामीणों को उनके व अपने गांव में शासकीय योजनाओ का लाभ मिल रहा है, आज सोमवार को तहसील मुख्यालय ग्राम पंचायत मैनपुर एंव जिडार में विकसित संकल्प यात्र का शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान सुशासन दिवस के अवसर पर बोनस वितरण का शुभारंभ किया गया। जिसका प्रसारण टेलीविजन के माध्यम से किया गया, कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष पंडित योगेश शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष दुलार सिन्हा, जनपद अध्यक्ष नुरमती मांझी, महामंत्री मनोहर बघेल, दिलीप साहू, रामस्वरूप साहू, नंदनी नेताम, सरिता ठाकुर, तुलसी राठौर, युनुस मेमन, प्रदीप शर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे। इस दौरान विभिन्न



विभाग द्वारा स्टाल लगाये गये और शासन की योजनाओं की जानकारी दी गई। भाजपा जिला उपाध्यक्ष पंडित योगेश शर्मा ने कहा कि केंद्र के नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा अनेक योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। जिसका सीधा लाभ गांव के अंतिम व्यक्ति तक मिल रहा है और विकसित भारत संकल्प यात्र एक मिल का पत्थर साबित हो रहा है भाजपा मंडल मैनपुर अध्यक्ष दुलार सिन्हा ने कहा कि भारत विकसित देश की ओर अग्रसर है प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में कई ऐसे योजना देश की जनता के लिए शुरू की गई गरीबी दुर करने के लिए 85 करोड लोगो को राशन दिया जा रहा है, जन धन योजना से आर्थिक शक्तिकरण बढा है लोग बैंक तक जाना शुरू हुए है, हर घर शौचालय और स्वच्छ भारत अभियान का सीधा असर भारत को विकसित बनाने में हो रहा है। इस मौके पर प्रमुख रूप से राजेन्द्र तिवारी, बेलमती कपील, घनश्याम मरकाम, कैनी बाई ओंटी, विजय बहादुर परिहार उपस्थित थे।

# योग के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए योगाचार्य मिथलेश व योगविद् अर्जुन हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| छुरा

पतंजलि परिवार छत्तीसगढ़ द्वारा जेएन पांडे आडिटोरियम में रविवार को कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। योग से सनातन की ओर विषय पर आधारित विशाल सम्मेलन में पतंजलि परिवार के सभी छः संगठन के पदाधिकारी, सक्रिय कार्यकर्ता एवं सोशल योगी शामिल हुए। महासम्मेलन में भारत स्वाभिमान मुख्य राज्य प्रभारी एवं छत्तीसगढ़ योग आयोग के प्रथम अध्यक्ष संजय अग्रवाल, पतंजलि युवा भारत राज्य प्रभारी गोस्वामी जयंत भारती, पतंजलि योग समिति सह राज्य प्रभारी मनोज पाणिग्रही, किसान पंचायत राज्य प्रभारी गणेश तिवारी, पतंजलि युवा भारत सह



राज्य प्रभारी भानुप्रताप साहू, राम शर्मा, अनुप बंसल सहित पतंजलि परिवार के तमाम राज्य प्रभारी , देवीलाल पटेल राज्य कार्यालय प्रभारी मंचासीन रहे। सम्मेलन में आगामी महत्त्वपूर्ण योजनाओं पर सारगर्भित चर्चा हुई। योग को जन जन तक पहुंचाने के लिए नई ऊर्जा के साथ संगठित हुए। एवं प्रत्येक जिले के जिला प्रभारीयो ने अपना - अपना प्रतिवेदन वाचन किया। जिसमे गरियाबंद जिले से जिला प्रभारी मिथलेश सिन्हा ने जिले का प्रतिवेदन वाचन किया, एवं जिले के आगामी कार्योजना जिला प्रभारी अर्जुन धनंजय सिन्हा ने बताया कि पतंजलि योग समिति में अपनी तन, मन, धन लगा कर सेवा करने वाले जिले से दो उत्कृष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान भी राज्य समिति द्वारा किया गया। जिसमें गरियाबंद जिले के निष्ठावान कार्यकर्ता जो दशकों से जिले में सेवा दे रहे ऐसे योगाचार्य मिथलेश सिन्हा एवं योगविद् अर्जुन धनंजय सिन्हा को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिले से महिला पतंजलियोग समिति जिला प्रभारी मिलेश्वरी साहू, योग शिक्षक देवनारायण यदु, सोशल योगी पोखन ठाकुर, नरेंद्र साहू, कीर्ति तारक, लाल जी साहू एवं पूरे राज्य के योगी भाई बहन सैकड़ों के संख्या में उपस्थित थे।

# क्रिसमस पर सुख, शांति, समृद्धि खुशहाली के लिए प्रभु से कामना

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर

प्रभु ईसु मसीह के जन्म दिन को याद करने का ईसाइ धर्म समुदाय के सबसे बड़े त्यौहार क्रिसमस डे पूरे उत्साह उमंग व प्रभु ईशु के प्रार्थना के साथ मैनपुर में धुमधाम के साथ मनाया गया। क्रिसमस पर्व पर रविवार रात गिरजाघर में विशेष प्रार्थनाओं का दौर चला जहां ईसाई समुदाय के लोगों ने प्रभु ईसु का जन्मोत्सव मनाया। क्रिसमस की पूर्व रात्रि मसीही समाज के लोगों के घरों में पहुंचकर कैरोल सांग गाते प्रभु यीशु के आगमन का संदेश दिया। रात 12 बजे गिरजाघरों में पहुंचे मसीही समुदाय ने एक–दूसरे को क्रिसमस की बधाई दी। प्रभु की प्रशंसा मे ईसाई समुदाय के लोगो ने केरॉल्स गीत गाकर प्यार व भाई चारे का संदेश देते हुए घर घर पहुंचे। खुशियां मनाते रहे इस क्रिसमस डे पर क्रिसमस ट्री को रंगीन स्टार लाईटो एवं घर के कोने मे मिसलेटो को टांगते रंगीन गुब्बारो से सजाया गया है। वही इस क्रिसमस डे के अवसर पर ईसाई समुदाय के युवाओं ने चर्च मे प्रार्थना गाकर लाल व सफेद रंग के ड्रेस पहने सेंट, सांताक्लाज बनकर क्रिसमस मार्च कियां। क्रिसमस का त्यौहार मसीह समाज का सबसे



महत्वपूर्ण त्यौहार है जो बड़े हर्ष और उल्लास प्रतिवर्ष दिसंबर माह की 25 तारीख को मनाया जाता है। ईसा मसीह के जन्म उत्सव की याद मे मनाया जाता है। लोगो का श्रध्दा है कि मानव जाति के कल्याण के लिये ईश्वर ने इसी दिन ईसा मसीह को इस संसार मे भेजा था। इस मौके पर प्रमुख रूप से रेहोबॉथ फेलोशिप चर्च के पास्टर पास्टर देव कोसरे एवम नेल्सन बाघमार , एलियल बाघमार, टालस्टाय बाघमार, आर्यन बाघमार रितेश बाघमार, सोनू ,विनीत बाघमार रूपेश मसीह, सुबोध मसीह, संजय मसीह, विहान, आरोन, कैमरन, एलेक्स, एलेन, विवेक, आशीष राय ,राकेश, सरिता, अनिता, अनुराधा, प्रियंका, एंजेल, फलील, आकाश, बुद्धि, जशवंत, विमल, विवेक, घनानंद, छत्तर, राजेंद्र, रोहित आदि उपस्थित थे।

### दत्तात्रेय जयंती पर गोस्वामी समाज का महासम्मेलन आज

**राजिम।** ब्रह्मा, विष्णु और महेश तीनों शक्ति के सम्मिलित स्वरूप भगवान दत्तात्रेय प्राकट्य दिवस पर आज अग्हन पूर्णिमा 26 दिसंबर मंगलवार को भगवान श्री राजीव लोचन की पावन धरा के दत्तात्रेय मंदिर में प्रांत स्तरीय भव्य दत्तात्रेय प्राकट्य उत्सव मनाई जाएगी। प्रातः 8 बजे से ही भगवान दत्तात्रेय का



मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना के बाद 10.30 बजे भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। दोपहर 12 बजे सामूहिक भोज के पश्चात महासमुन्द लोकसभा सांसद चुन्नीलाल साहू के मुख्य आतिथ्य और राजिम विधायक रोहित साहू, महासमुन्द विधायक राजू सिन्हा, नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा-राजू सोनकर के विशेष आतिथ्य व अति विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश के महंतगण, संस्थापक सदस्य रमन गिरि एवं संरक्षक उमेश भारती गोस्वामी मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज के प्रांताध्यक्ष अशोक गिरि गोस्वामी करेंगे।

# विशेष पिछड़ी जनजाति के 250 लोगों को मिला कंबल



हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर

खोज एंव जनजागृति समिति द्वारा ग्राम भैन्सामुडा, बोइरगाव, मैनपुर ब्लॉक के देवडोंगर, चारडीही भाटादिग्गी, गंवरमुड़, पथार्री, कुल 250 परिवार को कंबल का वितरण किया गया। साथ ही छोटे बच्चो को स्वेटर का वितरण किया गया। हर साल की तरह इस साल भी ठण्ड से बचने के लिए अतिविष्ट जन जाति कमार परिवार को सीए हरीश दुआ एवं कंपनी एवं साथियों के सहयोग से खोज एवं जन जागृति समिति के तत्वाधान में संस्था के कार्यकार्ताओं के साथ मिलकर कंबल एवं स्वेटर का वितरण किया गया।

# शिविर में जन समूह ने लिया स्वास्थ्य परीक्षण का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पाण्डुका

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य मुख्य आयुक्त एवं सचिव कैलाश सोनी के निर्देशानुसार, जिला सचिव रोमन साहू के मार्गदर्शन डीओसी आशिष साहू, सीमा साहू के नेतृत्व में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स शा. उ. माध्यमिक विद्यालय मुरमुरा में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। जिसमें गीता राजीव लोचन मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल के ख्यातिप्राप्त डॉक्टरों की टीम ने अपनी सेवाएं दी। उक्त शिविर में



विशाल जन समूह ने अपने स्वास्थ्य जांच का लाभ लिया। उक्त शिविर में विद्यालय के प्राचार्य दुर्गा प्रसाद शर्मा तथा पूरे स्टाफ तथा स्काउट गाइड छात्र नीरज, केशु, जितेंद्र, महेश पुष्कर, नागेंद्र, लिकेश्वर, मिथिलेश, डागेंद्र, सालिक, चित्रलेखा, माही, तिनेश्वरी, ओम कुमारी, चित्ररेखा का सक्रिय योगदान रहा।






**खबर संक्षेप**



## रानीपरतेवा में मना धान बोनस वितरण समारोह

**मुड़ागांव(कोरासी)।** आदिमजाति सेवा सहकारी समिति रानीपरतेवा पं. क्र. 1515 में अटल सुशासन दिवस के अवसर में धान बोनस राशि वितरण समारोह मनाया गया। जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री साधुराम निषाद ग्राम पटेल रानीपरतेवा, अध्यक्षता श्री पन्ना लाल जी ध्रुव पूर्व जिला पंचायत सदस्य, विशिष्ट अतिथि श्री धनषाय निषाद, सोमन यदु, कन्हैया निषाद ग्राम अध्यक्ष, पंकज निर्मलकर युवा भाजपा नेता, मुकेश साहू, फगुवा, परसु साहू, एवं चेतन सिन्हा, कोमल यदु बिसौहा साहू सहित ग्राम के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन श्री रमन नामदेव जी मंडल संयोजक चिकित्सा प्रकोष्ठ रहे।

## अक्षत कलश का हुआ भव्य स्वागत



**मुड़ागांव(कोरासी)।** अंचल के ग्राम मुड़ागांव, नवापारा, भैरा, साजापाली में गोदलाबाहरा में अयोध्या से आए अक्षत कलश का भव्य रूप से गांव के लोगों ने भाव भक्ति के साथ स्वागत कर घर- घर के दरवाजा में रोली- चौकी बनाकर भगवान राम का स्वागत किए। जिसमें गांव के परमुख जन चोवा राम, भुगेष यदु, संतोष दीवान, महेश, हेमलाल पटेल, केशर बैगा, बंशीलाल, रितेश कुमार यदु उपस्थित थे।

## सुशासन दिवस पर अटल को किया याद



**पाण्डुका।** पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेयी की 99वीं जन्म जयंती भाजपा मण्डल पाण्डुका के समीपस्थ ग्राम मुरमुरा में भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामवासीयों की उपस्थिति में गांव के अटल चौक पर स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेयी के छाया चित्र पर पुष्पांजली देकर सुशासन दिवस मनाया गया एवं स्वच्छता के प्रति शपथ लिया गया। इस अवसर पर भाजपा मंडल पाण्डुका भाजयुमो महामंत्री अनिल कुमार साहू, युवा कार्यकर्ता सुरेंद्र कुमार साहू, कामता साहू, चन्द्रिका साहू, संतोष साहू, दीपक ध्रुव, जगदीश साहू, ढालू राम साहू, सागर धुरू, नीलकंठ साहू, खोवाराम साहू, बिसे राम साहू, चम्मच साहू, विरेन्द्र साहू, दक्षकुमार साहू, नोहर साहू सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

## वाजपेयी की जयंती मनाई

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में भारत देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर मितानिन कौशल्या चंद्राकर, संवेदना समूह के सदस्य मुकेश चंद्राकर आदि मौजूद रहे।

**दिवस : जिला पंचायत में अटल बिहारी की जयंती पर मनाया गया सुशासन दिवस**

# सरकार की जनकल्याणकारी योजना का लाभ सभी गरीबों को मिले यही सुशासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

सोमवार को जिला पंचायत के सभागृह में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी की जयंती पर सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर कर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व राजिम विधायक संतोष उपाध्याय थे। अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू ने की। विशेष रूप से जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रीता यादव, जिला महामंत्री भाजपा अनिल चंद्राकर, सागर मयाणी, अजय रोहरा भी उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुवात पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। जिसके बाद सभी उपस्थितजनों ने सुशासन की शपथ ली।

इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय ने कहा कि बीते पांच सालो में सुशासन में जो परिवर्तन आया था, उसे ठीक करना है। उन्होंने कहा कि जनकल्याणकारी और गरीब कल्याण की योजनाएं अटल जी का सपना था। जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गारंटी के साथ पूरा कर रहे है। पूर्व विधायक ने कहा की गरीब कल्याण का पहला स्टेप जिला पंचायत से ही शुरू होता है। केंद्र सरकार और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक ग्रामीणों को मिले यह सुनिश्चित किया जाए। गरीबों के सपने पूरा करने से ही वैभव शाली भारत की कल्पना साकार होगी। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ ने कहा की सुशासन दिवस उद्देश्य है कि गरीबों के लिए चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उन्हें मिले और उसका लाभ मिले। उन्होंने कहा की हमारा काम पारदर्शी और जवाबदेह के साथ होना चाहिए। हमारा व्यवहार सहभागी और जनकल्याणकारी होना चाहिए। उन्होंने केंद्र सरकार के विभिन्न कल्याणकारी योजनाओ और जिले में किसानों, गरीबी और आम जनता के विकास के लिए चलाए जा रहे कार्यों की भी जानकारी दी। इस अवसर पर कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पारस ठाकुर, परस देवांगन, आशीष शिंदे, रेणुका साहू, तनु साहू, बिंदु सिन्हा, जमुना गकबिए, प्रतिभा हुमने सहित जिला पंचायत के सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।





### रोहिना में मनाया गया सुशासन दिवस

**गरियाबंद।** ग्राम पंचायत रोहिना में पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के 99 वी जन्म जयंती को 99 दीप प्रज्ज्वलित कर सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अटल जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण के साथ पूजा अर्चना कर किया गया उसके पश्चात उपस्थित रहे सभी लोगो ने शपथ लिया कि सभी निष्ठा एवं ईमानदारी से काम करेंगे और देश को स्वच्छ भारत बनाने में सहयोग करेंगे जिससे देश का सर्वांगीण विकास हो पायेगा और सभी ने अटल बिहारी वाजपेई जी अमर रहे के नारे लगाए। कार्यक्रम में शामिल लोगों को संबोधित करते हुए सरपंच संघ के अध्यक्ष एवं रोहिना के सरपंच होमनलाल साहू ने अटल जी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए सुसाशन का महत्व बताया साथ ही बृजमोहन बंजारे, सचिव तरुणा सिन्हा ने संबोधित किया। कार्यक्रम में संचालन हीरालाल साहू ने अटल बिहारी वाजपेई जी के द्वारा रचित कविता को सुना कर किया। कार्यक्रम में



प्रमुख रूप से गोविंद यादव, टोकेश साहू, रेखू ढीढ़ी, पंचगण पुरण लाल साहू, योगलाल साहू, दोमेंद्र ध्रुव, पंचराम यादव, पुष्पा ढीढ़ी, उर्वशी यादव, टिकेश्वरी यादव, निर्मला मांडे, संतोषी निषाद, मितानिन बहने धनेश्वरी, गिरजा, भगवती, आशा, अनिता, मोहनी यादव, महिला कमांडो के तिरित बाई, गीतू बंजारे, एवं ग्रामवासी उपस्तित रहे।

## बच्चों ने पूर्व पीएम अटल बिहारी को मानव श्रृंखला बनाकर किया नमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा



भारत रत्न, पद्म विभूषण से सम्मानित पूर्व प्रधानमंत्री राष्ट्रकवि स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। नगर पंचायत छुरा के तत्वाधान में नया बस स्टैंड परिसर, अटल चौक में जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों एवं स्कूली छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में भव्य आयोजन किया गया। सुशासन दिवस कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष खोमन चंद्राकर, उपाध्यक्ष रिंकू सचदेव, वरिष्ठ पार्षद अब्दुल समीम खान रिजवी, सभापति ऋतुराज शाह, थानसिंग निषाद, सांसद प्रतिनिधि हेमंत कंसारी, पार्षद हरीश यादव, पंचराम टंडन, मातृशक्ति के रूप में उपस्थित पार्षद भारती सोनी, चित्ररेखा ध्रुव, मंडल महामंत्री रामलाल कुलदीप, तुलसी राम साहू, शंकर सेन अतिथि के रूप में विराजमान थे। बच्चों ने अपने प्रिय पूर्व प्रधानमंत्री को मानव श्रृंखला बनाकर नमन किया। समारोह को संबोधित करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष खोमन चंद्राकर ने कहा कि अटल जी सर्वमान्य नेता थे। जब वे बोलते थे तो पूरा देश उनके एक-एक शब्द को गंभीरता से सुनते थे। श्री हरिकोटा में परमाणु परीक्षण कर भारत को परमाणवीय शक्ति से लबरेज किया। पूरे विश्व के सामने भारत ने समग्रता, विशालता, परमाणु शक्ति का परचम लहराया। सभापति ऋतुराज शाह ने सुशासन दिवस पर जनसमूह को शपथ दिलाया। सायंकालीन बेला में अटल जी की यादें पर विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। संचालन करते हुए शिक्षक अर्जुन धनंजय सिन्हा ने पूर्व प्रधानमंत्री के जीवन की अनछुए पहलुओं को पटल पर रखा। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र संघ में वाजपेई जी के द्वारा हिंदी में दिए गए अभिभाषण को भी याद किया। आभार प्रदर्शन नोडल अधिकारी श्याम सुंदर पटनायक द्वारा किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार मेषनंदन पांडे, इमरान मेमन, वरिष्ठ नागरिकगण, पुलिस महकमे से सुरेश निषाद, नगर पंचायत से कार्यक्रम प्रभारी जितेंद्र पाटकर, कैशियर वीरेंद्र सिंह ठाकुर, मिथलेश सिन्हा, रामाधार यादव, नरेश ध्रुव, कृष्ण कुमार वैष्णव, दानेश्वर, धनेश्वर नाग, रमेश, रजत ध्रुव, परमेश्वर, मेघराज एवं विद्यालयीन छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## अटल बिहारी वाजपेयी ने हमेशा मूल्यों पर आधारित राजनीति की : गफ्फू मेमन

**नगर पालिका परिषद में मनाया अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर सुशासन दिवस**

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद





सोमवार को नगर पालिका गरियाबंद के तत्वाधान में छत्तीसगढ़ राज्य निर्माता पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस के रूप मे मनाई गई। इस अवसर पर नगर के अटल चौक में सुशासन दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के छायाचित्र पर माल्यापर्ण कर किया गया। उपस्थितजनों ने पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हे नमन किया और उनके आदर्शो पर चलने का संकल्प लिया। इसके बाद नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन ने सभी अधिकारी कर्मचारी को सुशासन दिवस की शपथ दिलाई। सभी ने पारदर्शी, सहभागी, जवाबदेह और जनकल्याण केंद्रित बनाए जाने की शपथ ली। इसके पहले नगर पालिका से लेकर अटल चौक तक सुशासन प्रभात रैली भी निकाली गई। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी एक महान कवि, लेखक और कुशल राजनीतज्ञ थे। उन्होंने हमेशा मूल्यों की राजीनिति की। गांव, गरीब, किसान के विकास की चिंता की। अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई। भारत को जोड़ने और संगठित करने का प्रयास किया। देश को साँस्कृतिक राष्ट्रवाद की दिशा मे आगे बढ़ाया। आज गर्व है कि देश उनके जन्म जयंती सुशासन दिवस के रूप में माना रहा है। हमे अटल जी के सोच और विचार की आत्मसात करने की जरूरत है।

### देश सुशासन में आए ये अटल बिहारी की सोच

कार्यक्रम में जिला महामंत्री अनिल चंद्राकर ने कहा कि अटल जी ने तीन तीन बार देश का नेतृत्त किया। देश में अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की जो आज भी अविस्मरणीय है। नपा उपाध्यक्ष सुरेंद्र सोनटेके के कहा कि देश सुशासन में आए ये अटल जी सोच थी, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में यह कल्पना पूरे होते नजर आ रही। कार्यक्रम का आभार आभार नगर पालिका अधिकारी आशीष तिवारी ने व्यक्त किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में सभापति आसिफ मेमन, वंश गोपाल सिन्हा, संसद प्रतिनिधि प्रह्लाद ठाकुर, श्रीमति रेणुका साहू, बिंदु सिन्हा, तनु साहू, प्रतिभा हुमने, जमुना गजबिये, पालिका स्टाफ केशनाथ साहू, दुष्यंत साहू, सरिता साहू, सपना बसंत मिश्रा, अश्वनी वर्मा, भूपेंद्र कश्यप सहित बड़ी संख्या आमजन और पालिका के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।



### वाजपेयी के जन्मदिन पर मनाया गया सुशासन दिवस

**छुरा।** जनपद पंचायत छुरा के अंतर्गत अटल स्तंभ के पास भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन के अवसर पर सुशासन दिवस मनाया गया एवं माल्यार्पण एवं पूजा किया गया। जिसमें कलेक्टर जिला गरियाबंद, सीईओ जिला पंचायत गरियाबंद, सीईओ अमजद जाफ़री जनपद पंचायत छुरा, जनपद सदस्य जनपद पंचायत छुरा, ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## बच्चों ने एकल, पेयर और रिले रेस में दिखाई अपनी फूर्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोपरा

नगर की शैक्षणिक संस्था प्रयास पब्लिक स्कूल, कोपरा में शनिवार को वार्षिक खेलकूद स्पर्धा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बच्चो द्वारा मार्चपास्ट से हुई। जिसमें बच्चों ने भिन्न-भिन्न समूहों में विशेष रंगो के वस्त्र और झंडे के साथ कतारबद्ध हो कदम से कदम मिलाकर चलते हुए अनुशासन का परिचय दिया। तत्पश्चात स्कूल के संचालक पुष्कर पुरी गोस्वामी के हाथों स्कूल ध्वज का ध्वजारोहण कार्य संपन्न हुआ, उन्होंने बच्चो को जीवन में खेलों का महत्व बताते हुए खेलो में मेडल जीतने हेतु शुभकामनाएं दी। स्कूल की परंपरा अनुसार मां सरस्वती की पूजन-अर्चन पश्चात राज्यगीत व राष्ट्रगान कर बच्चो ने मां भारती का जोरदार जयकारा लगाया साथ ही स्कूल के स्पोर्ट टीचर प्रीतम साहू ने बच्चो को पूरी ईमानदारी, लगन, और स्पोर्ट्समैनशिप के साथ खेलने की प्रतिज्ञा दिलाई।

**कोपरा में वार्षिक खेलकूद स्पर्धा हुई**





महोत्सव में कुछ बच्चों ने दौड़ में एकल रेस, पेयर रेस, रिले रेस में अपनी फुर्ती का प्रदर्शन दिखाया तो वहीं कुछ बच्चों ने अन्य खेलों जैसे बॉल ऑन द पॉट, खो - खो, कबड्डी और विभिन्न खेलों में पूरी उत्साह के साथ अपना हुनर दिखाया। बच्चों का मनोबल बढ़ाने के लिए स्कूल प्रिंसिपल युगलकीशोर साहू और अभिभावकगण विक्रम साहू,मनिंद्र मरकाम, मनीषा मरकाम, मुकेश सेन, पूनम सिन्हा सहित बहुत से पालक खेल ग्राउंड पर दिनभर मौजूद रहें।

कार्यक्रम के अंत में विजेता प्रतिभागियों कों गणमान्य अतिथिगण मुख्य अतिथि संतोष तारक शिक्षाविद, विशिष्ट अतिथि राजेश यादव उपसरपंच, शाला प्रबंधक समिति अध्यक्ष - ललित साहू ,गोपी साहू पंच, डोमेश्वर यादव पंच के हाथो पुरस्कार वितरित किया गया और बच्चो के मंगल जीवन की शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षकों किरण भारती लल्ली तारक, श्रेष्ठा तारक यामिनी साहू, इंदु साहू, हेमलता महिलांगे, गीतांजलि महिलंगे, नंदनी साहू, अनामिका यादव, डॉली साहू, गायत्री वर्मा, खुशबू साहू, कृष्णा साहू एवम ड्राइवर स्टाफ व आया दाई लक्ष्मण साहू, ईश्वर चक्रधारी, रवि नवरंगे, ओमप्रकाश चक्रधारी, दसोदा बाई, खेमीन बाई, उषा बाई ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने पर कलेक्टर ने**

# प्लास्टिक के बदले बायोप्लास्टिक प्रोजेक्ट की प्रस्तुती पर अन्नपूर्णा को मिली सराहना

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

राज्य स्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस का आयोजन रायपुर में किया गया। जिसमें गरियाबंद जिले के पांच प्रतियोगिता में पांच प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिसमें सीनियर वर्ग से 3 जूनियर वर्ग से दो ने अपने-अपने प्रोजेक्ट कार्यों का प्रस्तुतीकरण बेहरत ढ़ग से किया। इसी कड़ी में पूर्व माध्यमिक शाला कोपरा की छात्रा कुमारी अन्नपूर्णा पटेल ने अपने प्रोजेक्ट प्लास्टिक के बदले बायोप्लास्टिक प्रोजेक्ट का प्रस्तुतीकरण बहुत ही अच्छे तरीके से किया और जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर दृष्टिगत किया और इसी प्रकार उनके कार्यों के लिए जिले के कलेक्टर आकाश छिकारा ने उन्हें सम्मानित किया। पटेल समाज द्वारा कुमारी अन्नपूर्णा पटेल के घर जाकर समाज के वरिष्ठ जन फिरंगी पटेल प्रदेश अंकेक्षण, प्रमुख सलाहकार कोसरिया मरार पटेल समाज भूपेंद्र पटेल, पटेल समाज राजा गांव के वरिष्ठ नागरिक ज्ञानेंद्र शर्मा वरिष्ठ पंच भुवन पटेल ग्रामीण अध्यक्ष, ज़ोन प्रभारी लक्ष्मी नारायण पटेल, मुन्ना पटेल और विभिन्न ग्रामीणों ने बालिका का सम्मान किया। फिरंगी पटेल ने समाज के इस प्रतिभा का सम्मान करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर समाज को चिन्हाकित किया। जिससे समाज का गौरव बढ़ाया। वहीं समाज के लोगों ने समाज से सदा सहायता करने का आश्वासन दिया और समाज का नाम रोशन करने पर बधाई प्रेषित किया।



